## खबर संक्षेप

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार 19 सितंबर को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसिशिप मेला (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये लोन भी उपलब्ध कराया जावेगा। इसके अलावा युवाओं को जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी भेजा जावेगा।

### सीएम ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

**कटनी।** गुरूवार को बड़वारा आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान अंतर्गत रूद्राक्ष, सप्तपर्णी, शमी, आंवाला और मोलश्री का पौधारोपण किया। साथ ही विभिन्न विभागों – राज्य आजीविका मिशन, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, उद्योग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जनजातीय कार्य तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई हितग्राहीमुखी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### कबड्डी टूर्नामेंट में तिलक कॉलेज बना विजेता

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को जिला स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान तिलक महाविद्यालय एवं कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें तिलक महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर से कुल 13 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें बरही, विजयराघवगढ़, सिलौडी, उमरियापान, कैमोर, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, श्रमधाम कॉलेज कैमोर, बड़वारा, ढीमरखेड़ा एवं साइनस कॉलेज कैमोर से आई टीमों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने इस अवसर पर कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तिलक कॉलेज की टीम ने सामूहिकता और अनुशासन के बल पर विजय प्राप्त की है। कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति की पहचान हैं और इन्हें प्रोत्साहित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ. राजकुमार ने कहा कि फाइनल मुकाबले में तिलक कॉलेज की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया।

---

### 233 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर मुख्यमंत्री ने कहा कटनी के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगे

# प्रदेश ही नहीं देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला प्रमुख जिला बनेगा कटनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार 18 सितम्बर को बड़वारा स्थित सांदीपनि विद्यालय परिसर में आयोजित विशाल जनसभा में जिले को 233.82 करोड़ रुपये की विकास सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने 106.18 करोड़ रुपये लागत के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और 127.64 करोड़ रुपये लागत के 14 नए कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजनाएं कटनी जिले को नई गति और मजबूती देंगी, जिससे यहां के युवाओं को रोजगार, किसानों को उत्पादन और आय में बढ़ोतरी तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कटनी जिले के विकास में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खनिज संपदा से समृद्ध कटनी को निवेश का बड़ा केन्द्र बताते हुए कहा कि हाल ही में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव में 56 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो आने वाले समय में जिले के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से कटनी प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला प्रमुख जिला बनेगा।

### खनिज संपदा से समृद्ध कटनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कटनी जिला प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा से परिपूर्ण है। यहां बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट जैसे बहुमूल्य खनिजों के भंडार हैं और जिले में सोने के भंडार की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि उद्योग और खनन आधारित निवेश से क्षेत्र के युवाओं, किसानों और गरीबों को रोजगार एवं आयवृद्धि के नए अवसर प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय मांग पर दतला एवं सागौना जलाशय नहर के मरम्मत एवं गहरीकरण, बेलकुंड नदी पर स्थित गर्रा घाट पर नया पुल बनाया जायेगा। किसानों का जीवन बेहतर बनाने के लिए ग्राम खरहटा में महानदी पर लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से बैराज निर्माण व सिंचाई परियोजना के कार्यों को भी मंजूरी देते हुये कहा कि कटनी की जनता अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर आगे बढ़े तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दें।

### सांदीपनि विद्यालयों में विश्व स्तरीय सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निर्मित हो रहे सांदीपनि विद्यालयों में निजी स्कूलों से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कौशल उन्नयन और खेलकूद की विश्व स्तरीय व्यवस्थाएं उपलब्ध है जिनसे छात्र अपनी प्रतिभा निखारकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, युवाओं, किसानों एवं महिलाओं के हित में कार्य करते हुये हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के कार्य किये जा रहे हैं। देश में आज 85 करोड़ से अधिक जनता को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों का पक्का घर बनने का सपना साकार हुआ है और उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री लाडली बहना के माध्यम से महिलायें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त हुईं हैं। प्रदेश सरकार द्वारा आगामी दीपावली पर्व से महिलाओं को लाड़ली बहना योजना की राशि को बढ़ाकर 1500 रूपये प्रतिमाह किया जा रहा है। इसी के साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूटी, लैपटॉप तथा विदेश अध्ययन की सुविधा भी प्रदेश सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के हित में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही उद्यानिकी और पशुपालन को प्रोत्साहन देने का कार्य भी सरकार कर रही है।

### स्वदेशी अपनाने का आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को सार्थक करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए स्थानीय उद्योग-धंधों को बल दिया जाना हम सभी का कर्तव्य है। हम जो भी खरीदे वह स्वदेशी हो तथा उसकी कीमत हमारे अपने देशवासी को मिले। उन्होंने युवाओं को भी ऑनलाइन के बजाय स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदने के लिए प्रेरित किया। जिससे लोकल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और प्रदेश की प्रगति में सबकी भागीदारी होगी।

### कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

लोकार्पित कार्य- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 35.5 करोड़ रुपये की लागत से बने बड़वारा सांदीपनि विद्यालय, 33.66 करोड़ से निर्मित रीठी सांदीपनि विद्यालय, स्लीमनाबाद एवं कुआं में नवीन तहसील कार्यालय व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कटनी में 6.4 करोड़ की लागत से बने संयुक्त तहसील कार्यालय भवन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का नवीन भवन एवं लाइब्रेरी, ढीमरखेड़ा में 33/11 केवी उपकेंद्र तथा कोठी में मल्टीपरपज सेंटर का लोकार्पण किया। इसके साथ ही अनेक प्राथमिक एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र, नल जल योजनाएं और अन्य कार्यालय भवन भी जनता को समर्पित किए।

**भूमिपूजित कार्य** - कटनी शहर में अमृत 2.0 योजनांतर्गत 37.58 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट और 52.54 करोड़ के वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया गया। इसके अतिरिक्त विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, बड़वारा, ढीमरखेड़ा और कटनी विकासखंडों में सड़क मार्ग, हाईस्कूल भवन, कॉलेज कक्ष, पंचायत भवन, कंप्यूटर लैब तथा श्रमिक विश्राम गृह के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया।

---

### हैलीपैड में ग्वाल टोली ने दिवारी नृत्य एवं गायन से किया स्वागत

## मुख्यमंत्री का 2 किमी लंबे सड़क मार्ग में हुआ हार्दिक स्वागत, लड्डुओं से हुआ तुलादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गुरुवार को बड़वारा हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल सांदीपनि विद्यालय परिसर तक पहुंचने के बीच करीब 2 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग में बड़वारावासियों ने कलश लेकर अगवानी की और पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए सभी लोगों का मुख्यमंत्री डा. यादव ने अभिवादन स्वीकार किया। यहां ग्रामीणों ने दिल खोलकर मुख्यमंत्री डॉ यादव को बूंदी के लड्डुओं से तौला। वहीं शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंजली गुप्ता ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी लेकर काफी प्रफुल्लित दिखी। हेलीपेड से लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल तक करीब 2 किलोमीटर लंबे मार्ग में 9 स्थानों में स्टाल व पंडाल लगाकर मुख्यमंत्री डॉ यादव का आत्मीय स्वागत किया।

### हेलीपैड में किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हेलीकॉप्टर से बड़वारा के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में बने हेलीपैड पर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री के साथ परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह का भी आगमन हुआ। मुख्यमंत्री का हेलीपेड में बड़वारा की ग्वाल टोली द्वारा दिवारी नृत्य एवं गायन के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने भी ग्वालटोली के बीच पहुंचकर उनसे संवाद कर उत्साहवर्धन किया और नर्तक दलों की पीठ थपथपई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यहां विधायक विजयराघवगढ़ संजय पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप प्रसाद जायसवाल, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यहां हेलीपैड पर डीआईजी अतुल सिंह,कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने पुष्पगच्छ भेंट कर अगवानी की। इसके अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

---

### नवागत निगमायुक्त ने पदभार ग्रहण कर किया निरीक्षण




नगर की नवागत निगमायुक्त श्रीमती तपस्या परिहार ने कटनी नगर निगम कार्यालय में गुरुवार को अपना पदभार ग्रहण किया। श्रीमती परिहार नगर निगम आयुक्त कटनी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात नगर निगम कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण भी किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2018 बैच की आईएएस अधिकारी तपस्या परिहार को मध्यप्रदेश कैडर प्राप्त है।इसके पूर्व वे प्रशासन विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों में रहकर दायित्वों का निर्वहन कर चुकी है। कार्यभार ग्रहण के दौरान पूर्व निगम आयुक्त नीलेश दुबे,उपायुक्त शैलेश गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा,राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन,अनिल जायसवाल, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव,कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, स्टेनो आयुक्त आलोक तिवारी ,प्रभारी ई गवर्नेंस अधिकारी संदीप पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

## नशीली दवाओं का विक्रय रोकने औषधि निरीक्षकों द्वारा की गई मेडिकल स्टोर्स के रिकार्डो की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय को रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश के औषधि नियंत्रक श्री दिनेश कुमार मौर्य के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन कटनी के उपसंचालक डॉ. राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक किरण कुमार मगरे, मनीषा धुर्वे एवं प्रवीण कुमार पटेल द्वारा जिले के मेडिकल स्टोर्स की निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

### इन मेडिकल स्टोर्स में की गई जांच पड़ताल

इसी क्रम में औषधि निरीक्षकों के दल द्वारा विजयराघवगढ़ में मिश्रा मेडिसिन वर्ल्ड, न्यू श्री कृष्णा मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, इंडियन मेडिकल स्टोर्स, के जी एन मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, सचिन मेडिकोज एंड इंटरप्राइजेज की जांच की गई। इसके अलावा कन्हवारा स्थित सिद्धार्थ मेडिकल, जल्होंना मेडिकल स्टोर्स, सुहाने मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, मित्रा फार्मेसी दुकान बंद पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जांच के दौरान इन मेडिकल स्टोर्स में नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकार्ड की जांच की गई एवं रिकॉर्ड दो दिवस में औषधि प्रशासन कार्यालय जिला कटनी में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया जिसके पश्चात औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के नियमानुसार लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

---

## मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वारा में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के सभी घटकों को समाहित करते हुये यहां लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान परिवहन और स्कूल शिक्षा मंत्री एवं कटनी के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने लाड़ली बहनों से रु-ब-रु चर्चा भी की। लाड़ली बहनों ने अपने प्यारे भैया मुख्यमंत्री को खादी का गमछा पहनाया। बहनों ने मुख्यमंत्री को हर घर नल से जल एवं स्व- सहायता समूह के माध्यम से लखपति बनी दीदियों ने सामूहिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी की सराहना की। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत कटनी सैंड स्टोन से निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां विशेष शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड निर्माण और स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार की थीम पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास द्वारा गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और श्री अन्न से निर्मित उत्पादों व खाद्य पदार्थों का भी अवलोकन कर प्रदर्शनी में लगे उत्पादों की प्रशंसा की। जबकि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की ई-स्क्रीनिंग और कृत्रिम उपकरणों की प्रदर्शनी, सेवा पखवाड़ा' के क्रियाकलापों को भी प्रदर्शित किया गया।

---

### बहोरीबंद में आयोजित हुआ सामाजिक न्याय एवं भाईचारा सम्मेलन

# कांग्रेस ने हमेशा पिछडों, दलितों ओर गरीबों की चिंता की: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रानी अवंतीबाई लोधी पखवाड़ा जयंती दिवस व राजा रघुनाथ शाह कुंवर शंकर के बलिदान दिवस पर गुरुवार को ओबीसी -एसटी -एससी संयुक्त मोर्चा एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान मे सामाजिक न्याय एवं भाईचारा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डिंडोरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम, अध्यक्षता ओबीसी महासभा प्रदेशाध्यक्ष राकेश पटेल, विधायक हीरालाल अलावा, पूर्व विधायक आर डी प्रजापति, पूर्व विधायक व कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह,शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल, जिला पंचायत सदस्य अजय गौटिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पंडित प्रदीप त्रिपाठी, युवजन सभा प्रदेशाध्यक्ष यजुवेन्द्र यादव, युकां विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव, संतोष यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है पिछड़ों, दलितों और गरीबों की अगर किसी ने चिंता की है तो वह कांग्रेस है। देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रही हों या फिर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह रहे हों उन्होंने आदिवासियों को जल जंगल और जमीन का मालिक बनाया था।आज देश में मौजूदा भाजपा सरकार में तो संविधान को नष्ट करने में लगी हुई है। कांग्रेस देश के संविधान को बचाने संसद से लेकर सड़कों तक लड़ाई लड रही है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की मोदी सरकार देश के कुछ उद्योगपतियों पर मेहरबान है सरकार को देश में बढ़ती बेतहाशा महंगाई और बेरोज़गारी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में ओबीसी महासभा द्वारा प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक आंदोलन कर रही थी जिस आंदोलन को भाजपा सरकार दमनकारी नीतियां अपनाकर कुचलने का काम कर रही थी।

ओबीसी महासभा के मुद्दों की असल लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है। आज भाजपा हो या फिर मनुवादी संगठन आरएसएस राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बातें बोल रहे हैं जो निंदनीय है। भाजपा पार्टी वोट चोरी कर सरकार बना रहे है। वोट चोरी के पुख्ता प्रमाण भी राहुल गाँधी देश के सामने लाकर रख दिये है। इसलिए हम सभी को एकजुट होकर वोट चोरी की सरकार को उखाड फेंकना है। इस बार वर्ष 2027 मे ग्राम सरकार से लेकर जनपद व जिला सहित नगरीय चुनाव मे कांग्रेस की सरकार बनानी है। फिर वर्ष 2028 मे प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार ओर वर्ष 2029 मे लोकसभा चुनाव जीत देश की सरकार कांग्रेस की बनानी है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने मंच से ही संकल्प लिया कि वर्ष 2028 मे प्रदेश मे कांग्रेस सरकार बनते ही जो आदिवासियो की जमीनो को हड़पने का खेल भाजपा के द्वारा किया गया है वो आदिवासियों की जमीन उनके चंगुल से मुक्त कराकर आदिवासियों को दी जाएगी। जीतू पटवारी ने भाजपा विधायक संजय पाठक को लेकर भी जमकर घेरा।

इस अवसर पर डॉ के एल जैन, देव सिंह पटेल, नरेंद्र सैनी, अजय गर्ग, अजाक्स जिलाध्यक्ष अरविंद धुर्वे, पूर्व जिलाध्यक्ष सोहन चौधरी, नारायण पटेल आदि मौजूद थे।

---

## पोषण प्रदर्शनी लगाकर बताया महत्व, कहा स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर खान-पान होना बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सेवा पखवाडा अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मैं राष्ट्रीय पोषण अभियान का आगाज बाकल मे हुआ जहाँ महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण पर जागरूकता महत्व बतलाया तों स्वास्थ्य विभाग ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पर जानकारियां प्रदान की। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण व्यंजनी प्रदर्शनी लगाकर पोषण का महत्व बतलाया। शारीरिक रूप से कमजोर चिन्हित गर्भवती माताओ को पोषण युक्त आहार का सेवन कराया गया। साथ ही जन सहयोग से जो पौष्टीक सब्जियाँ मिली उन्हें पोषण मटका मे एकत्रित किया गया। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार लेने संबंधित जानकारी दी गई।

पर्यवेक्षक सुनीता बेन ने किशोरियों, महिलाओं व बच्चों के लिए सही पोषण व खानपान के बारे में जागरूक किया। कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर खान-पान का होना बहुत ही जरूरी है। सभी को खान-पान के प्रति सजग व जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेषकर लड़कियों व महिलाओं को अपने आहार के प्रति जागरूक होना चाहिए। बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में पौष्टिक आहार की अहम भूमिका होती है। इसलिए महिलाएं अपने खानपान का ध्यान रखें और अपने बच्चों का पालन पोषण बेहतर ढंग से करें। अभियान में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भोजन के सही तरीके से पकाने व खाने के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान सरपंच मनोज पटेल, मेडिकल ऑफिसर डॉ अनुराग शुक्ला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मालती,चन्द्रलता,मनीषा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रैली निकाल दिया गया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता एवं जिला संगठन डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग के निर्देशन में गोद ग्राम पटवारा में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर रैली कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं सहित स्कूल के विद्यार्थियों ने भी रैली निकाली। साथ ही घर-घर जाकर सभी लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुये साफ-सुथरा रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचने के उपाय बताएं गये और 'साफ-सुथरा जीवन हो, स्वच्छ हमारा भारत हो' के नारों के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। वहीं छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा से संदर्भित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। साथ ही स्कूल के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश सिह, राजेंद्र प्रसाद कोल, श्रीकांत बैरागी तथा स्टाफ के अन्य सभी सदस्यों ने पूरा सहयोग प्रदान किया और शपथ लेकर सभी को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का किया गया आत्मीय स्वागत



**कटनी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का गुरुवार की दोपहर जिले में आगमन हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के जिले की सीमा पर बडवारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम विलायत कला प्रवेश करने पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस मौके पर ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष बडवारा विकास निगम,छोटू सिंह बघेल,लल्ला महाराज, आनन्द मिश्रा, नीरज सिंह बघेल, शैलेन्द्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसके बाद श्री पटवारी जुहला बाइपास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर भेंट किया। इसके बाद वह बहोरीबंद के लिए रवाना हो गए।

### टीम ने की कार्यवाही

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को NHAI की भूमि पर अवैध रूप से खड़ी की गई दुकानों और बोर्डों को हटाने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस देकर स्वयं हटाने के लिए समय दिया गया था, लेकिन निर्धारित समयसीमा बीतने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान दुकानों और बोर्डों को जमींदोज कर दिया गया। अभियान में CRO मनीष पांडेय, रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर अजीत झा, पंकज तथा आदर्श त्रिपाठी (मयूर) सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### देख रेख के अभाव में सुंदर नक्काशी और सुन्दरता होती जा रही बर्बाद

# बदहाली का शिकार है देश का भौगोलिक केंद्र बिंदु स्मारक एवं शेर बदरंग, चबूतरा भी हो रहा खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

विंध्याचल की सुरम्य पहाड़ियों के बीच बसा करौंदी गांव, जहां भारत का भौगोलिक केंद्र बिंदु स्थित है। यह स्थल आज गुमनामी और उपेक्षा की मार झेल रहा है। देश की पहचान और गौरव का प्रतीक यह स्थल खुद अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। टूटे स्मारक, बदरंग शेर, उखड़े पत्थर और बिखरा सौंदर्य इसकी पहचान बनी है। पत्थरों से बनी कुर्सियां और फव्वारें एक टूटे पड़े हैं। परिसर में लगें पौधें भी नष्ट हो चुके है। बोर्ड में अंकित केंद्र बिंदु का इतिहास भी लोग पढ़ नहीं पा रहे है। देश के दिल की धड़कन का नजारा देख यहाँ पहुँचे लोग उदास और निराश होकर लौट जाते है।



डॉ. राममनोहर लोहिया की पहल पर 1956 में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य एसपी चक्रवर्ती की अगुवाई में केंद्र बिंदु की खोज की गई।तब सपना था कि यहां एक अंतरराष्ट्रीय आदर्श गांव बसाया जाएगा, जहां दुनिया एक साथ रह सके। डॉ.लोहिया के निधन के बाद 1968 में यहां समाजवादियों का विशाल सम्मेलन हुआ था। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय आदर्श गांव बसाने के लिए 1300 एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई गई थी, लेकिन जमीन के अभाव में पूरा सपना चकनाचूर हो गया।यहाँ 1987 में स्मारक बना, 1988 में शिक्षाविद आचार्य नरेंद्र देव की जन्म शताब्दी मनाई गई, यहाँ देश भर के शिक्षाविद और राजनीतिज्ञ शामिल हुए। जिन्होंने ही डॉ. राममनोहर लोहिया की स्मृति में इस स्थान का नाम मनोहर गांव रखा। लेकिन उसके बाद से ये स्थल उपेक्षा की गर्त में समा गया।



#### बेपरवाही का शिकार स्मारक

साल 2018-19 में 61 लाख 30 हजार रुपये की राशि खनिज मद से स्वीकृत हुई। लोक यांत्रिकी सेवा (आरईएस) ने सौंदर्यीकरण कराया।2013 में भी 66 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य कराया गया,लेकिन सुरक्षा की जिम्मेदारी किसी ने नहीं उठाई।जो चौकीदार सुरक्षा में तैनात था, उसे भी हटा दिया गया। अब न देखरेख है, न रोकटोक। छोटे बच्चों,युवाओं और असामाजिक तत्व स्मारक को क्षति पहुचाते हैं। सुंदर नक्काशी के पत्थरों को तोड़ते हैं,परिसर में उधम मचाते हैं।देश के दिल मे बसी यह धरोहर एकदम खुली पड़ी है।जिला प्रशासन भी उदासीन है। इस उपेक्षा से स्मारक लगातार क्षतिग्रस्त हो रहा है।

#### टूरिस्ट मेगा सर्किट में शामिल

देश का भौगोलिक केंद्र बिंदु पर्यटन विभाग के टूरिस्ट मेगा सर्किट में शामिल किया गया था। इसके तहत जबलपुर संभाग के अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक,धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों का विकास किया जाना था। इसके लिए शासन ने कई करोड़ का बजट निर्धारित किया गया था, इसके बाद भी यहां बना स्मारक बदहाली के आंसू बहा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि केंद्र बिंदु के समीप पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का आवास गृह,महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय व ध्यान केंद्र होने से देश और विदेशी अनुयायी और पर्यटक यहां पहुँचते हैं। कई विश्वविद्यालयों के जियोग्राफी विषय के छात्रों के दल यहां एजुकेशनल टूर पर आते हैं।



## शहर में स्वच्छता के लिए डोर टू डोर लोगों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सेवा पखवाड़ा 2025 अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को चुका है,यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक चलाया जाएगा। इस वृहद् कुशल संचालन हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी व निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित कर जन जागरूकता के साथ शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों के अनुक्रम में गुरुवार को निगम के स्वास्थ्य अमले व ओम साईं विजन की टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में "कचरा अलग-अलग करो" विशेष अभियान चलाते हुए महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 9 में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।जिसके तहत वार्ड क्रमांक 17 गोपाल नगर महाकौशल स्कूल एवं वार्ड क्रमांक 27 शासकीय बरगवां स्कूल में रैली व श्रमदान के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया तो वहीं शहर के कई स्कूलों और स्लम बस्तियों में स्वच्छता की पाठशाला आयोजित की जाकर स्वच्छता संबंधी जागरूकता, स्वच्छता की एडवोकेसी और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम के कर्मियों द्वारा वार्डों में भ्रमण कर डोर टू डोर नागरिकों से संवाद करते हुए अपने-अपने घरों के आसपास पर्याप्त मात्रा में साफ-सफाई बनाए रखने, गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग कर शहर को स्वच्छ बनाने अपील की।

*संयुक्त तहसील भवन एवं अन्य विकास कार्यो का भी हुआ लोकार्पण*

## बहोरीबंद विधानसभा को दी कई सौगाते, 60 करोड़ के विकास कार्यों का किया वर्चुअल लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़वारा कार्यक्रम से बहोरीबंद विधानसभा को अनेकों विकास कार्यों की सौगात दी। बहोरीबंद विधानसभा के 60 करोड़ रूपये से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जिसमें 47 करोड़ 73 लाख रूपये की लागत राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण तों 12 करोड़ 48 लाख रूपये की राशि के विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ जिसमें रीठी मे सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 33 करोड़, कुआँ मे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मय आवास ग्रहों इत्यादि भवनो का निर्माण 3 करोड़ व निटर्रा मे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मय आवास ग्रहों इत्यादि का निर्माण 3 करोड़ से हुआ है जिसका वर्चुअल लोकार्पण तों वहीं भखरवारा से पौड़ी मार्ग का निर्माण 2 करोड़ 31 लाख रूपये, बड़ी डुंगरियां से छोटी डुंगरियां मार्ग निर्माण 2 करोड़ 31लाख रूपये, मवई सलहना कमनिया गेट से सल्हना मार्ग निर्माण 3 करोड़ 26 लाख रूपये, खमतरा से सिहुडी मोड़ तक निर्माण 1 करोड़ 44 लाख रूपये ओर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद मे 10 अतिरिक्त क्लास रूम निर्माण कार्य 3 करोड़ 16 लाख रूपये की लागत राशि के विकास कार्यों भूमि पूजन मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 7 करोड़ 95 लाख रूपये की लागत राशि से नवनिर्मित स्लीमनाबाद संयुक्त तहसील भवन का वर्चुअल लोकार्पण किया। वहाँ बड़वारा कार्यक्रम से मुख्यमंत्री ने जैसे संयुक्त तहसील भवन का वर्चुअल लोकार्पण किया वैसे ही स्लीमनाबाद नवनिर्मित तहसील भवन मे जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो ने फीता काटा!इसके पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना हुई

इस दौरान तहसीलदार सारिका रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, सरपंच संगीता महोबिया, रतन गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी, रवि दुबे, प्रदीप जैन,राहुल सिंह ठाकुर, रामकृपाल यादव, सुनील गुप्ता, केशव दुबे,पार्थ दुबे, भागीरथ द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधियों व हल्का पटवारियों की उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य प्रो. आर .के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्रीडा अधिकारी डॉ. अरविन्द शुक्ला के निर्देशन में जिला स्तरीय पुरुष एवं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मे जिले के बरही, विजराघवगढ़, बडवारा, कटनी आर्ट्स एंड वाणिज्य महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद एवं तिलक महविद्यालय सहित कुल 9 टीमों ने भाग लिया जिसमें पुरुष वर्ग में कटनी आर्ट्स एंड वाणिज्य महाविद्यालय की टीम विजेता रह। शासकीय महाविद्यालय बरही की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार महिला वर्ग में शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम विजेता बनी जबकि कटनी आर्ट्स एंड वाणिज्य महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

## ऑटो चालकों के बीच मनाई विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय श्रम दिवस एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम का आयोजन,भारतीय मज़दूर संघ के द्वारा कटनी रेलवे जंक्शन के परिसर में ऑटो चालकों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीएमएस से संबद्ध ऑटो रिक्शा चालक संघ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा और भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पण करके किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएमएस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय मज़दूर संघ के आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा हैं जिन्होंने सृष्टि की रचना की है। इसी प्रकार से मज़दूर भी समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका रखता है। इसलिए आज का दिन श्रम की पूजा करने का दिन होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ऑटो चालक संघ के जिला अध्यक्ष राजसिंह बड़े ने कहा कि हमारा।मज़दूर दिवस भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन मनाया जाता है न कि किसी अन्य दिन। विदेशी विचारधारा से प्रेरित संगठनों के द्वारा एक मई को मज़दूर दिवस मनाया जाता है किंतु सृष्टि के रचियता भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन बीएमएस राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाता है जो कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप है। यही कारण है विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने के लिए भारतीय मज़दूर संघ वर्षों से भारत सरकार से माँग करता आया है और उम्मीद है कि सरकार इस पर शीघ्र मुहर लगाएगी। इस अवसर पर बीएमएस जिला मंत्री विनोद पटेल,सहमंत्री श्रीकांत, कोषाध्यक्ष संजू द्विवेदी, ऑटो चालक संघ अध्यक्ष राजसिंह बड़े, विजय पासी,राजू जायसवाल, विशाल जायसवाल,शाहबाज खान एवं अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



*सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ग्राम गुलवारा में हुआ आयोजन*

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण में पेड़ पौधों के महत्व की विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब और एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत गुरूवार को शासकीय हाई स्कूल गुलवारा में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण और व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में शीशम, नीम, आंवला, और अशोक जैसे पौधों का रोपण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पौधारोपण के साथ-साथ आयोजित व्याख्यान में प्रभारी प्राचार्य डॉ. साधना जैन ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखने के लिए पेड़-पौधों के महत्व, जल संरक्षण, और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, डॉ. जैन ने सिकल सेल एनीमिया और एड्स जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के उपायों पर भी चर्चा की, जिससे छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। उन्होंने छात्राओं को प्रकृति का डॉक्टर बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से पर्यावरण और समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।




इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, श्रीमती वंदना मिश्रा, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. रोशनी पांडे, डॉ. प्रतिमा सिंह, विनीत सोनी, भीम बर्मन, और प्रेमलाल कांवरे सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय हाई स्कूल गुलवारा की प्रभारी प्राचार्य लेखा गर्ग, श्रीमती आरती चौधरी, श्रीमती इशायरा बानो, निर्मला हल्दकार, लक्ष्मी यादव, सुषमा कोर का सहयोग रहा। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि छात्राओं को सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर शिक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के तहत ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम हैं।

### विजयनाथ धाम स्थित विश्वकर्मा मंदिर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## बरही में धूमधाम से निकाली गई भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

विजयनाथ धाम स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में हर्षोल्लास के साथ सृजन देवता भगवान विश्वकर्मा का पूजन, शोभायात्रा, रक्तदान शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वकर्मा समाज के द्वारा आयोजित किया गया। भारतीय संस्कृति और पुराणों में भगवान विश्वकर्मा को यंत्रों का अधिष्ठाता कहा गया है उन्हें हिन्दू समाज में यंत्रों और शिल्प कला का देवता माना जाता है स्वर्ण लंका निर्माण भी द्वारका हस्तिनापुर स्वर्गलोक के निर्माणकर्ता श्रीविश्वकर्मा भगवान ही है।

रथ में श्री विश्वकर्मा भगवान की झांकी बैठाकर विधि विधान से पूजन अर्चना आरती की गयी। शोभा यात्रा में ढोल-नगाड़े के साथ नगर में भ्रमण करते हुए महिला युवा बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए। जय विश्वकर्मा के जयकारे के साथ नगर भ्रमण हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष समाज के गौरव अशोक विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बरही पीयुष अग्रवाल रहें।अतिथियों का स्वागत वंदन विश्वकर्मा समाज के संरक्षक विष्णु विश्वकर्मा और समाज के बंधुओं द्वारा किया गया





अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा बरही का यह भव्य कार्यक्रम कई वर्षो से मैं देखते आ रहा हूं कई जिलों से अलग अच्छा कार्यक्रम रहता है मेरे समाज बंधुओं का सारहीन योगदान रहता है मुझे गर्व है। विशिष्ट अतिथि पीयुष अग्रवाल ने कहा विश्वकर्मा समाज द्वारा भारी संख्या में एकत्रित होकर शोभायात्रा नगर में निकाली जाती और बहुत ही सुन्दर कार्यक्रम आयोजित किए जाते मेरे लायक जो सहयोग होगा जरुर करुंगा। पार्षद गणों का व समाज के बुजुर्गो का सम्मान शाल श्रीफल से किया गया। हरकेश विश्वकर्मा ठेकेदार को समाज विश्वकर्मा रत्न प्रशस्ति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं विश्वकर्मा समाज रत्न से सम्मानित रहे समाज की शान राममिलन विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का मंच में फूल मालाओं श्रीफल भेंट कर स्वागत वंदन अभिनंदन कर सम्मानित किया गया वहीं विश्वकर्मा समाज के स्तंभ ठेकेदार जेपी विश्वकर्मा द्वारा श्रीविश्वकर्मा भगवान की छाया चित्र कैलेंडर का वितरण किया गया नगर में जगह जगह पानी व भंडारे का आयोजन समाज के लोगों द्वारा किया गया छोटी छोटी बच्चियों बच्चों का डांस कार्यक्रम चलता रहा व आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति धार्मिक गानों के साथ दी गई मंच का संचालन संजीव विश्वकर्मा आशुतोष विश्वकर्मा ने किया। सभी विश्वकर्मा बंधुओं का कार्यक्रम में अपार सहयोग रहा।

जनसैलाब का अद्भुत दृश्य शोभायात्रा में देखने को मिला मार्ग संकरे पड़ गए, रास्ते जाम हो गए मंच पर बैठने की जगह कम पड़ गई। महाप्रसाद वितरण में कार्यकर्ताओं के पसीने छूट गए। रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया 26 लोगों ने रक्तदान किया समाजबंधुओं ने रक्तदान किया। विश्वकर्मा समाजोत्थान समिति व शिक्षा समिति बरही ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ढीमरखेड़ा ब्लाक सचिव संघ ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

मप्र सचिव संघ ब्लॉक ढीमरखेड़ा के सचिवों ने शुक्रवार को बैठक कर अपनी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सचिव संघ का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिवों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। बैठक में प्रमुख मांग रखी गई कि मुख्यालय पंचायत में पदस्थ सचिवों को वित्तीय अधिकार दिए जाएं। साथ ही मढ़ाना के सचिव चिंतामणि पटेल का निलंबन अन्यायपूर्ण बताया गया और इसकी समीक्षा की मांग की गई।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बिना कारण कई सचिवों की वेतन वृद्धि एक-दो साल के लिए रोकी गई है, जबकि अवधि समाप्त होने के बाद भी बहाली नहीं की गई। सचिव संघ ने पत्रकारों व सोशल मीडिया प्रभारियों द्वारा गलत खबरें प्रकाशित किए जाने पर आपत्ति जताई और लगभग 30–35 पत्रकारों की वास्तविकता की जांच कर फर्जी लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई।इसके अलावा रिक्त सचिव पदों पर नजदीकी पंचायत सचिवों को अतिरिक्त प्रभार देने, षड्यंत्रपूर्वक निलंबित किए गए सचिवों को न्याय दिलाने तथा जनपद पंचायत में दलालों की सक्रियता पर रोक लगाने की मांग की गई। जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण हो चुकी नल-जल योजनाओं को पंचायतों को हैंडओवर करने और ठेकेदारों की मनमानी पर अंकुश लगाने की बात भी ज्ञापन में कही गई। बैठक में अध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित सहित सोने सिंह क्षत्री, वीरेंद्र प्यासी, लखन सिंह बागरी, बृजमोहन गोस्वामी, राजेश सिंह, इंद्रेश सिंह, रमेश पटेल, कमलेश हल्दकर, राजेश मौर, लालूराम पटेल, राजेश पटेल, कमलेश मिश्रा, रमेश झारिया, काशीराम मरावी, हरभजन सिंह, रामचंद्र यादव, सोने सिंह मार्को, उदय कुमार यादव, उमेश पांडे आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### नगर वन विकास कार्य का शुभारंभ

**पन्ना।** भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत नगर वन का शुभारंभ सेवा पर्व के अवसर पर उत्तर पन्ना वनमंडल के विश्रामगंज स्थित स्मृति वन क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा और पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पौधारोपण कर नगर वन विकास कार्य की शुरुआत की। कार्यक्रम में नगर वन के सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को लेकर मार्गदर्शन भी दिया गया। आयोजन में जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे परमार, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडेय, वन परिक्षेत्र अधिकारी विश्रामगंज नितिन राजौरिया सहित वन विभाग एवं पुलिस अधिकारीदृकर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि और जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 के अंतर्गत आज द्वितीय दिवस वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी की संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिसर के विद्यावन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सभी ने यह प्रतिज्ञा भी की लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष का रूप देंगे तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

### 20 टीबी के मरीजों को खाद्य सामग्री की किट वितरित

**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का शुभारंभ सत्येंद्र सिंह लोधी के द्वारा किया गया। श्री सिंह के द्वारा 20 टीबी के मरीजों को खाद्य सामग्री की किट वितरित की गई। इस अवसर पर मूरत सिंह, परम सिंह, गोविंद यादव, संत कुमार पाल, डॉक्टर मनोहर सिंह, वीरेंद्र आचार्य, चेतन जैन, विवेक जैन, सीबीएमओ डॉक्टर ए के बरोनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

तेंदूखेड़ा सहित ग्रामीण अंचलों में शारदेय नवरात्र पर्व की तैयारियां अंतिम दौर में

# मां जगतजननी की प्रतिमाओं को आकार दे रहे हैं मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



चार दिन बाद 22 सितंबर से 10 दिवसीय शारदेय नवरात्र पर्व प्रारंभ हो रहे हैं पर्व का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे ही तैयारियां तेज होती जा रही है नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में आदिशक्ति की प्रतिमा को विराजमान करने के लिए खूबसूरत पंडाल आकार ले रहे हैं, तो वहीं मूर्तिकार मां जगतजननी की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में दिनरात लगे हुए है इस वर्ष मूर्तिकारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है मूर्तिकारों ने बताया कि सामग्री महंगी होने के कारण प्रतिमाओं के दामों में भी आंशिक बढ़ोत्तरी है। बावजूद इसके श्रद्धालुओं द्वारा उत्साह के साथ मूर्ति निर्माण के आर्डर दिए गए है। मूर्तियों के आकार के अनुसार 10 हजार से लेकर 20 हजार और 30 हजार तक की मूर्तियां तैयार की जा रही है उधर दुर्गोत्सव समितियों के सदस्यों ने बताया कि शारदेय नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां जारी है प्रतिमाओं को विराजमान करने के लिए आकर्षण पंडाल बनाए जा रहे हैं। इन पंडालों को मंदिर, माँ वैष्णोदेवी गुफा से लेकर विभिन्न रूप दिए जा रहे हैं। सजावट लाइटिंग, झांकी आदि की तैयारी की जा रही है।

### क्या कहते मूर्तिकार



शारदेय नवरात्र पर माँ आदिशक्ति की प्रतिमा विराजमान करने के लिए ऑर्डर मिले हैं समितियों ने माँ दुर्गा के विभिन्न रूप की प्रतिमा बनाने के लिए कहा है। ऑर्डर अनुसार और उनके बताए अनुसार प्रतिमाएं बनाई गई है। शारदीय नवरात्र पर्व का खासा उत्साह देखा जा रहा है। - छुटुन चक्रवर्ती मूर्तिकार तेंदूखेड़ा



शारदेय नवरात्र पर्व पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाया जाता है। 10 दिवसीय पर्व में माँ आदिशक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है समितियों में भी उत्साह है उनके द्वारा माँ जगत जननी की प्रतिमा की बुकिंग देने पर तैयारियां की जा रही है 20 अक्टूबर तक तैयारियां पूरी कर ली जाएगी। हालाकि पिछले साल की अपेक्षा इस साल सामग्री महंगी मिली है।

**विजय बेन मूर्तिकार तेंदूखेड़ा**



इस बार पर्व लगातार होने के कारण प्रतिमा बनाने कम समय मिला है। लेकिन मूर्तियां बनकर जल्द तैयार हो चुकी है। अब सिर्फ मूर्तियों में रंगरोगन और करना है। अंतिम रूप देने का दौर तेजी से चल रहा है। इस बार मूर्तियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण अंचलों से भी बहुत आर्डर आए हैं।

**अनूप सिंह ठाकुर मूर्तिकार**



मूर्तिकार बबलू बेन बताते हैं कि माटी कलाकारों को मंहगाई के चलते भी मूर्ति तैयार करने में समस्या आती है। मिट्टी, बांस, पटिया सभी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसके चलते मूर्ति तैयार करने के लिए पहले उन्हें सामग्री क्रय करनी पड़ती है। इसके बाद समितियों की डिमांड आती है, प्रतिमाएं तैयार कर रहे है।

**बबलू बेन मूर्तिकार**

# मप्र कर्मचारी कांग्रेस ने वन कर्मचारियों को बढ़ा एचआरए एवं ऐरियर भुगतान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश शासन ने पिछले साल सभी अपने शासकीय कर्मचारियों को मकान किराया बढ़ाने का आदेश जारी किया था। लगभग सभी विभागों में बढ़ा हुआ H.R.A शासकीय कर्मचारीयों को मिलने लगा है लेकिन दमोह वन विभाग के कर्मचारियों को बढ़ा हुआ H.R.A का लाभ नहीं मिल रहा है जिसके संबंध में मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस दमोह जिले के अध्यक्ष पं रोशन नायक ने अपने वन कर्मचारियों के साथ वन मंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस दमोह ने मांग की है कि बन कर्मचारियों को जो शासन द्वारा H.R.A बढ़ाया गया था उसे वन विभाग द्वारा आज तक नहीं दिया जा रहा है जबकि अन्य वन मंडलो में H.R.A बढ़ा दिया गया है और सभी कर्मचारियों को उसका लाभ मिलने लगा है। स्थापना प्रभारी द्वारा मार्गदर्शन मांगने पर समय निकाला जा रहा जिससे कर्मचारियों का बहुत नुकसान हो रहा है और कर्मचारियों में निराशा का माहौल बन रहा है। अतः महोदय जी से निवेदन है कि अन्य वन मंडलों की तरह दमोह के बन कर्मचारियों को बढ़ा हुआ H.R.A का लाभ एवं ऐरियर दिया जाए। जिलाध्यक्ष रोशन नायक का कहना है कि स्थापना प्रभारी द्वारा हमेशा वन कर्मचारियों के काम को टालते रहते हैं मप्र कर्मचारी कांग्रेस ने तीन माह पहले भी कर्मचारियों को बढ़ा हुआ H.R.A का लाभ देने का पत्र दिया था जिसके लिए वन विभाग ने अपने वरिष्ठो से मार्गदर्शन मांग लिया था लेकिन आज दिनांक तक मार्गदर्शन का कोई जवाब वरिष्ठ अधिकारियों से नहीं आया वहीं वन मंडल स्थापना प्रभारी से मिलकर कई बार बोला है कि जिन्हें पहले से मकान किराया का लाभ दिया जा रहा है उन्हें आप तुरंत बढ़े हुए मकान किराया का लाभ दिया जा सकता है और जिन कर्मचारियों के आवेदन आ रहे हैं उनको पात्रता अनुसार लाभ दिया जाए ताकि जो हमारे कर्मचारी जंगलों की सुरक्षा कर रहे हैं और वो बार बार वन मंडल नहीं आ सकते हैं वहीं हमारे कर्मचारी का हर महीने कम से कम एक हजार का नुक़सान हो रहा है। जब मध्यप्रदेश शासन ने H.R.A बढ़ाने के शासकीय कर्मचारी के स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए हैं और लगभग सभी विभागों में बढ़ा हुआ मकान किराया कर्मचारियों को मिलने लगा है तो फिर वन विभाग के कर्मचारियों को बढ़ा हुआ मकान किराया क्यों नहीं दिया जा रहा है।

स्थापना प्रभारी कोई भी काम नहीं करना चाहते हैं।वही कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस दमोह जिले के अध्यक्ष पंडित रोशन नायक के माध्यम से वनमंडल अधिकारी महोदय दमोह से कहा है कि जो D.A बढ़ा हुआ था उसके ऐरियर की राशि शासन के निर्देशानुसार दी जानी थी वह अभी तक नहीं दी गई जबकि अन्य विभागों में ऐरियर समय से दिया जा रहा है ऐरियर देने में स्थापना प्रभारी एवं आपरेटर के द्वारा 1 साल से ज्यादा का समय लगा दिया है और एरियर की गणना में भी विसंगति की जाती हैं जिससे वन कर्मचारियों की स्थापना प्रभारी एवं आपरेटर के प्रति नाराजगी है मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश वन विभाग के शिवपुरी, विदिशा, उत्तर वन मंडल सागर एवं अन्य वन मंडलों में H.R.A दिया जा रहा है जबकि दमोह वन मंडल में स्थापना प्रभारी द्वारा मार्गदर्शन की बात कहकर पिछले तीन महीना से कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है.. ज्ञापन देने वालों में अमित तिवारी, लच्छू अहिरवार, दिनेश नेमा, वरूण चौबे, बृजेश महोबिया,अजय तिवारी, दिलीप रजक, प्रमोद शर्मा,राजेन्द्र अहिरवार, अनिल अहिरवार, आकृति शुक्ला, मनीष तिवारी, सरन सोनी,तारा सिंह, अनिल ठाकुर, हरिशंकर अहिरवार, दुर्गेश अहिरवार, प्रेम राही आदि कर्मचारियों ने मांग कि जिससे मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस दमोह जिले के अध्यक्ष पंडित रोशन नायक ने वन मंडल अधिकारी महोदय जी के समक्ष कर्मचारियों की मांगों को रखा और शीघ्र समाधान करने का आश्वासन वनमंडल अधिकारी ने दिया।

# सामुदायिक भवनों से सजेगी हर पंचायत, राज्यमंत्री ने किया घांघरी में निरीक्षण



**बनवार।** मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और जबेरा विधानसभा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार को ग्राम पंचायत घांघरी के ग्राम पटी स्थित श्री हनुमान मंदिर के पास निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री लोधी ने गुणवत्ता की बारीकी से जांच की और स्वयं रेत-सीमेंट सहित अन्य सामग्री देखी। मंत्री लोधी ने कहा कि जबेरा विधानसभा की 132 पंचायतों में से अब तक 32 पंचायतों को सामुदायिक भवन निर्माण की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है, जहां निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लक्ष्य है कि "हर पंचायत में एक सामुदायिक भवन तैयार हो ताकि लोगों को सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो।" उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पहले स्कूल या सरकारी भवन उपलब्ध हो जाते थे, लेकिन अब यह व्यवस्था बंद हो चुकी है। ऐसे में सामुदायिक भवन बनने से ग्रामीणों को स्थायी सुविधा मिलेगी। ग्रामवासियों ने मंत्री लोधी का निरीक्षण के दौरान स्वागत किया और कहा कि सामुदायिक भवन बनने से पूरे क्षेत्र को बड़ा सहारा मिलेगा। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही शेष पंचायतों को भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी। औचक निरीक्षण के दौरान मंत्री लोधी की गंभीरता और संकल्प ने ग्रामीणों में विश्वास जगाया कि हर पंचायत जल्द ही अपने सामुदायिक भवन से सुसज्जित होगी।

# नवजात को मिला नवजीवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले के तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के दिनारी उपस्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत ग्राम माझा की रहने वाली संगीता बाई/राजबहादुर गौंड ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजगढ़ में हो रही बारिश के दौरान शिशु को जन्म दिया। जन्म के समय शिशु का वजन मात्र 02 किलो था और शिशु में संक्रमण के लक्षण दिखाई दे रहे थे, शिशु की जीवन रक्षा के लिए चिकित्सकों ने परिवारजनों को शिशु के संभावित जोखिमों के बारे में जानकारी देते हुए 108 एम्बुलेंस से यथाशीघ्र नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई जाने की समझाईश दी और शिशु को नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई (एन.बी.एस.यू.) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा रेफर किया। किन्तु परिवारजन फिर भी राजी नहीं हुए और शिशु को घर ले गये। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नर्सिंग ऑफीसर ने जानकारी प्रोजेक्ट अनुगामी व्हॉटसअप वॉर ग्रुप में साझा की। संदेश मिलते ही आशा सुपरवाईजर और स्वास्थ्य कर्मी ने बिना समय गंवायें भारी बारिश और नाले में तेज पानी के बहाव के बावजूद ग्रामवासियों की मदद से शिशु के घर पहुंची और परिवार को एक बार फिर से नवजात शिशु के जोखिम एवं नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई में मिलने वाली स्वास्थ्य देखभाल एवं सुविधाओं के बारे समझाया। अंततः परिवार तैयार हुआ और मॉ एवं नवजात शिशु को अस्पताल लेकर आये। नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा में 7 दिवस तक बच्चे की देखभाल की गई। डिस्चार्ज उपरांत आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने नियमित गृह भेंट कर शिशु की स्वास्थ्य देखभाल की, अब बच्चा स्वस्थ है। स्वास्थ्य प्रदाताओं के तत्परता पूर्वक सेवाभाव से नवजात की स्वास्थ्य देखभाल के लिए उनके प्रति आभार जताया है।

# घाना मैली गांव में पूर्ण शराबबंदी का संकल्प



**बनवार।** जबेरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत घाना मैली ने आज बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया। सरपंच, जनप्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन और भगवती मानव कल्याण संगठन की मौजूदगी में ग्रामसभा ने पूर्ण शराबबंदी का प्रस्ताव पारित किया।आज हुए फैसले में ग्रामवासियों ने ठान लिया कि अब गांव की सीमा में न शराब बनेगी और न बिकेगी। पंचायत ने सख्त नियम लागू किए हैं – शराब बनाने या बेचने पर 11 हज़ार रुपये का जुर्माना, शराब पीकर उत्पात मचाने पर 5 हज़ार रुपये का जुर्माना और सहयोग करने वालों पर 2500 रुपये का जुर्माना लगेगा। ग्रामवासियों ने कहा कि कच्ची शराब ने बच्चों को भी लत में धकेल दिया, परिवार बर्बाद हो रहे थे और शराबियों का आतंक इतना था कि महिलाएं घरों से निकलने में डरती थीं। बुजुर्ग चैन से बैठ नहीं पाते थे और कई हादसों ने गांव को हिला दिया था। यहां तक कि शराब की भट्ठियों को लेकर हिंसा और हत्याएं भी हो चुकी थीं। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, प्रांतीय किसान मोर्चा अध्यक्ष शोभा सिंह, संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह, सरपंच देवी सिंह, जनपद सदस्य देवेंद्र अहिरवार, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार, महिला मोर्चा से रश्मि सिंह, जनपद उपाध्यक्ष उमा दीदी, एएसआई अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे। आज घाना मैली ने जिस तरह नशे के खिलाफ सामूहिक कदम उठाया है, वह पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल बन गया है।

# नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक



**पटेरा।** नगर परिषद पटेरा के तत्वाधान में दमोह केयर फाउंडेशन समिति और मुक्ति समाज संस्कृतिक मंच के कलाकारों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम नगर पालिका के विभिन्न क्षेत्रों पर किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों के घर से निकला हुआ कचरा डस्टबिन में डालना गीले एवं सूखे कचरे का सही तरीके से डस्टबिन में रखना इसके अलावा नालियों में कचरा ना डालना की जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से बतलाया गया कि स्वच्छता ही ऐसा माध्यम है जिसके जरिए एक स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है। नाटक के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति का संदेश दिया गया और बतलाया गया कि किस तरह नशा समाज परिवार को बर्बाद कर रहा है। नाटक मे अभिनय अखिलेश गोस्वामी दीप्ति कोरी दया पटेल कृष्णा तिवारी संजय रजक साक्षी सोनी कलाकार ऑन द्वारा नाटक किया गया नगर परिषद से समस्त कर्मचारी की एवं सीएमओ प्रेम सिंह चौहान की उपस्थित रही।

# चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** महाराजा अग्रसेन का चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों के क्रम में अग्रवाल धर्मशाला दमोह में महाराजा अग्रसेन का चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन समिति अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष स्वप्नेश अग्रवाल संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि बच्चों के अंदर छुपी कला के प्रदर्शन को लेकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिससे बच्चे पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्र में भी अपनी रुचि रख सकें जजमेंट शहर के युवा पेंटर लकी सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के उपाध्यक्ष राजबहादुर अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, तरुण मंच अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल, अंजली ज्योति, कांति, रिद्धि, निशा, करुणा, रानू गुंजन, गौरी, पूर्वी, परी, पीहू, नित्या, नाव्या, ऐश्वर्या, रज्जो, सौरभ अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रम्मा शशांक अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, रुचिता अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रथमेश अग्रवाल, सरस अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# पैरालीगल वालेंटियर्स की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र 7 अक्टूबर तक आमंत्रित

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नवीन पैरालीगल वालेंटियर्स की नियुक्ति ग्रामों एवं जनपद पंचायतों में स्थापित लीगल एड क्लीनिक व थानों में समाज के कमजोर, पिछड़े तथा पीड़ति व्यक्तियों को सहायता व सलाह, गुमशुदा बच्चों को मदद करने हेतु एवं नालसा व सालसा की योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह द्वारा की जा रही है। इस संबंध में जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट द्वारा बताया गया कि जिला मुख्यालय दमोह, तहसील विधिक सेवा समिति हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है, पैरालीगल वालेन्टियर्स का कार्य पूर्णतः सेवा का कार्य है, नौकरी नहीं है, इसके लिए कोई वेतन/मजदूरी देय नहीं है, म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर पैरालीगल वालेन्टियर को निर्धारित मानदेय देय होगा, आयु सीमा न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम किसी भी आयु का व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

# संत नामदेव एकादशी महामहोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आदर्श नामदेव समाज सेवा समिति नामदेव समाज दमोह के द्वारा एकादशी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नामदेव समाज के द्वारा एकादशी पर समाज की एकादशी महोत्सव मनाने की परंपरा प्रारंभ की गई, 17 सितम्बर दिन बुधवार को संतोष नामदेव नया बाजार नंबर 5 के निवास स्थान पर एकादशी महोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर जबेरा विधानसभा जिला दमोह से भारतीय जनता पार्टी की नवीन जिला कार्यकारिणी में समाज के रानू नामदेव को जिला मंत्री नियुक्त होने पर समाज के द्वारा स्वागत वंदन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नामदेव जी महाराज के समक्ष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रानू नामदेव जिला मंत्री भाजपा दमोह के द्वारा दीप प्रचलित किया गया। इसके उपरांत समाज के अध्यक्ष राजू नामदेव के द्वारा संत नामदेव जी महाराज की एकादशी महत्व की कथा का वर्णन किया गया। कथा के उपरांत उपस्थित सभी समाज बंधुओ के द्वारा एक स्वर में एक साथ श्री नामदेव चालीसा का पाठ किया गया। नामदेव चालीसा पाठ के उपरांत नव नियुक्त जिला मंत्री रानू नामदेव का पुष्प हार से उपस्थित समाज बंधुओ के द्वारा स्वागत किया गया। समाज के अध्यक्ष राजू नामदेव के द्वारा शॉल एवं श्रीफल से संपूर्ण नामदेव समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत समाज के कोषाध्यक्ष संदीप नामदेव जी के द्वारा पंढरपुर यात्रा का वृतांत बताया गया एवं उनका भी स्वागत किया गया। सभी उपस्थित समाज बंधुओ के द्वारा संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की महा आरती की गई, महा आरती के उपरांत समाज की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, चर्चा के बाद अगली एकादशी महोत्सव मनाने का निर्णय राजेश नामदेव बिंदास निवासी शोभा नगर दमोह के निवास स्थान पर मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रानू नामदेव के द्वारा समाज को अपनी उद्बोधन के माध्यम से इस बात का विश्वास दिलाया गया कि हर समय वह समाज के लिए हर परिस्थिति में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव बृजेश नामदेव एवं आभार संतोष नामदेव फोटोग्राफर के द्वारा किया गया।

## पर्वों में पूर्व वर्षों की भांति सुचारू एवं व्यवस्थित व्यस्थाओं के लिये तत्पर-जिला मजिस्ट्रेट

# शांति समिति की बैठक में रखे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में आगामी पर्व नवरात्रि, दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व मनाए जाने संबंधी शांति समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मिशा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, समिति सदस्यगण, गरबा आयोजनकर्ता मौजूद रहे। जिला मजिस्ट्रेट मिशा सिंह ने पर्वो को शांति/सद्भावना से मनाये जाने एवं संबधित विभागों से व्यवस्थाएं बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उक्त पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूर्व वर्षों की भांति सुचारू एवं व्यवस्थित व्यस्थाओं के लिये तत्पर है, जिसमें समिति सदस्यों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निर्धारित गाइड लाईन के तहत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने एवं देवीजी प्रतिमा विसर्जन चल समारोह में पूर्व वर्षों की भांति व्यवस्थातर्गत निर्देश दिए तथा सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आदेशित किया। बैठक में कार्यक्रम अनुसार नवरात्रि एवं दुर्गा उत्सव 22



सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगें। इसी प्रकार रामदल जुलूस 29 सितम्बर, जवारे विसर्जन 30 सितम्बर, रावण दहन कार्यक्रम 01 अक्टूबर एवं देवीजी विसर्जन 02 अक्टूबर 2025 को किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट मिशा सिंह ने उपस्थिति समिति सदस्यों से आगामी पर्वो के संबंध में विस्तृत चर्चा की। समिति सदस्यों द्वारा नवरात्रि एवं दुर्गा उत्सव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। नवरात्रि पर्व तक बड़ी देवी मंदिर में समुचित प्रशासनिक व्यवस्थाओं हेतु अनुरोध किया गया। समिति सदस्यों द्वारा रामदल जुलूस के संबंध में बताया जुलूस शिवाजी पार्क से प्रारंभ होकर मोरगंज पहुंचेगा। मोरगंज से घंटाघर, बकौली, टॉकीज तिराहा, पुराना थाना, गढ़ी मोहल्ला, चमन चौक, गड़रयाउ, पठानी मोहल्ला, गौरीशंकर तिराहा से बडी देवी प्रांगण में पूजा अर्चना पश्चात रामदल जुलूस का समापन होगा । समिति सदस्यों ने जवारे विसर्जन के संबंध में बताया फुटेरा तालाब और दीवानजी तलैया में जवारे का विसर्जन किया जाएगा।

समिति सदस्यों से प्राप्त सुझाव

बैठक में समिति सदस्यों ने नवरात्रि के दौरान यातायात व्यवस्था, देवी मंदिरों के मार्गो पर साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था, विसर्जन मार्ग पर झूलते केवल/बिजली तारों को ठीक कराये जाने, देवीजी प्रतिमा विसर्जन मार्ग के गढढों को भरे जाने, खुले में मास-मदिरा विक्रय न होने,दुर्गा उत्सव के दौरान पंडालो एवं उनके आस-पास साफ-सफाई व्यवस्था, शहर में यातायात व्यवस्था एवं बड़े वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किये जाने, तहसील ग्राउण्ड में रावण दहन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं, रामदल जूलुस के दौरान यातायात व्यवस्था, जवारे विसर्जन के दौरान तालाबों की साफ-सफाई ,त्यौहारो के दौरान बिजली कटौती नहीं होने, गरबा आयोजन के दौरान आयोजनकर्ता एवं प्रतिभागियों द्वारा पारंपरिक संगीत और परिधान का पालन किये जाने आदि के संबंध में जानकारी दी।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आगामी पर्वों पर सम्पूर्ण जिले एवं नगर में विशेष सफाई व्यवस्था हेतु मुख्य शहरी विकास अभिकरण विभाग एवं नगरपालिका दमोह को निर्देशित किया गया । उन्होंने सामान्य जनमानस को समिति के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से साफ सफाई के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया। उक्त पर्वो के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा जो कार्यवाहियां संपादित की जायेगी उनका विभागवार विवरण के अनुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देते हुए तदानुसार समय सीमा में सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। इस दौरान पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु बड़ी देवी मंदिर, कंकाली माता मंदिर, छोटी देवी मंदिर और अन्य देवी मंदिरों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने कहा गया। साथ ही अन्य देवी मंदिरों के प्रागंणों में महिला पुलिस बल लगाये जाने के लिए कहा गया। साथ ही नवरात्रि एवं दुर्गा उत्सव के दौरान शहर में यातायात व्यव्स्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला मजिस्ट्रेट ने गरबा आयोजन के सबंध में समस्त गरबा आयोजन स्थलों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने और किसी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के लिए कहा। इस दौरान रामदल जुलूस, जवारे विसर्जन, रावण दहन, देवी जी विसर्जन (चल समारोह) सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर सबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला मजिस्ट्रेट ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, यातायात, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, होमगार्ड विभाग को निर्देशित किया गया कि समस्त देवीजी पंडाल स्थल, रामदल जुलूस मार्ग, जवारे विसर्जन मार्ग, देवीजी प्रतिमा विसर्जन मार्ग का संयुक्त रूप से समिति सदस्यों के साथ निरीक्षण किया जाये एवं निरीक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं संज्ञान में आने पर उक्त व्यवस्थाएं पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### सड़क के अभाव ने किया विकास के दावों को बेनकाब

# गर्भवती को ट्रॉली में दो किलोमीटर तक ढोया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

सरकारी घोषणाओं और योजनाओं के बीच ज़मीनी सच्चाई का एक दर्दनाक चेहरा गुरुवार को सामने आया जब घटेरा उप स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत ग्राम चंदपुरा के बड़े हार टोला की गर्भवती बबली लोधी को प्रसव पीड़ा के दौरान परिजनों ने ट्रैक्टर की ट्रॉली में लिटाकर दो किलोमीटर कच्चे रास्ते से मुख्य सड़क तक पहुंचाया क्योंकि एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। मुख्य मार्ग पर इंतज़ार कर रही एंबुलेंस ने महिला को बनवार उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसका सुरक्षित प्रसव कराया और इलाज जारी है इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों की उपेक्षा और बुनियादी सुविधाओं की कमी को उजागर कर दिया है। लगभग पचास लोगों की आबादी वाला बड़ा हार



टोला हर मानसून में सड़क विहीनता की मार झेलता है कच्चा रास्ता बारिश में दलदल और कीचड़ में बदल जाता है जिससे वाहनों का पहुंचना नामुमकिन हो जाता है आपात स्थिति में ग्रामीणों को मरीजों को चारपाई खाट या ट्रॉली में लादकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। गांव के निवासी रामनारायण लोधी का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की गई। लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला गर्भवती को ट्रॉली में लाने की यह कोई पहली घटना नहीं है। बल्कि हर मानसून में ऐसी परिस्थितियां सामने आती हैं। जननी सुरक्षा योजना संस्थागत प्रसव और एंबुलेंस सेवा जैसी योजनाएं तभी कारगर होंगी। जब गांव तक पक्की सड़क बनेगी बबली लोधी का दर्द दिखाता है कि विकास अभी भी आंकड़ों तक सीमित है और जमीनी सच्चाई इससे अलग है। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार और प्रशासन ऐसे दुर्गम गांवों को प्राथमिकता में लाए और सड़क जैसी मूलभूत सुविधा तुरंत उपलब्ध कराए ताकि अगली बार कोई महिला प्रसव पीड़ा में इस तरह ट्रॉली पर न ढोई जाए।

## विधायक मलैया ने गौशाला विकास के लिए दी 5 लाख की राशि



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री श्री लखन पटेल एवं पूर्व वित्त मंत्री तथा दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया की मौजूदगी में मारुताल में श्री बागेश्वर धाम गौशाला में श्री वैष्णवी गौ सेवा समिति (पुराना थाना) के द्वारा विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक जयंत कुमार मलैया ने गौशाला विकास के लिए विधायक निधि से 05 लाख रूपये की राशि प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों-नागरिकों ने सहभागिता निभाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर रमन खत्री, पंडित मनीष तिवारी, आलोक असाटी पप्पू मलाई, राकेश अग्रवाल, सत्यम चौरसिया, दीपक, सनी, आकाश असाटी, मोनू राजपूत, नित्य प्यासी, मोनू पाठक, लालू अमरदीप जैन, विकास जैन, धर्मेंद्र अहिरवाल, वीरेंद्र असाटी, कृष्णा पटेल, श्रीमती राजकुमार यादव, विजय यादव, सरपंच मरुताल एवं सचिव सहित अनेक जन प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जबेरा में मनाया राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि आज 18 सितम्बर को जबेरा में राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों से साहसपूर्वक लोहा लेकर देश की स्वतंत्रता में अद्भुत योगदान दिया। उनका बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि आज के दिन हम सभी उनके त्याग और बलिदान को स्मरण करते हैं तथा उन्हें शत-शत नमन और प्रणाम करते हैं।

# रंजिशन युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के पटेरा थाना अंतर्गत ग्राम शिकारपुरा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक देवेन्द्र लोधी की गोली मारकर हत्या करने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में घेराबंदी आरोपी को दबोच लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है जिसके बाद पूरी घटना का खुलासा होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकारपुरा ग्राम में गुरुवार की सुबह करीब 8.30 बजे, देवेंद्र लोधी अपने घर से गाँव में घूमने निकला था। इसी दौरान, आरोपी मोती सिंह लोधी भी उसके पास पहुंचा व उनके बीच गाली गलौच होने लगी। इसी बीच आरोपी मोती सिंह ने अपनी लाईसेंसी बंदूक से देवेन्द्र पर फायर कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी घटना के बाद फरार



हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पटेरा थाना प्रभारी सरोज ठाकुर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचीं। घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन भी पहुंचे व जानकारी ली। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भदौरिया ने बताया कि देवेन्द्र लोधी की हत्या की जानकारी मिलते ही विभिन्न गंभीर धाराओं में पटेरा थाना में प्रकरण दर्ज कर पुलिस एसडीओपी हटा व थाना प्रभारी पटेरा व कुम्हारी थाना प्रभारी के साथ पुलिस टीमें बना कर आरोपी मोती सिंह लोधी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या की वजह चुनावी रंजिश के साथ जमीन खरीदी के मामले में विवाद की वजह सामने आ रही है।

### सरपंच चुनाव बनी हत्या की वजह

पुलिस की शुरुआती जाँच में पता चला है कि इस हत्याकांड की वजह पुरानी चुनावी रंजिश थी। गाँव में हुए पिछले पंचायत चुनाव में मृतक देवेंद्र के चचरे भाई आनंदी लोधी और आरोपी मोती लोधी दोनों ही सरपंच पद के उम्मीदवार थे। चुनाव में आनंदी लोधी जीत गए थे, जबकि मोती लोधी को हार का सामना करना पड़ा था। तभी से रंजिश चल रही थी।

## सड़क हादसे में शिक्षक घायल, जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जामुन मार्ग पर एक शिक्षक सड़क हादसे के शिकार हो गए जिन्हें परिजन गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से उन्हें जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार गुलाब पिता नेमचंद जैन उम्र 55 वर्ष निवासी समनापुर थाना तारादेही है जो कि जामुन स्कूल में पदस्थ थे लेकिन शाम को छुट्टी के बाद घर वापस आते समय रास्ते में भड़भड़ के नाले के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और हादसे में शिक्षक घायल हो गए जिनका इलाज जबलपुर के प्राईवेट हॉस्पिटल में चल रहा है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**हटा।** नगर में आगामी त्यौहारों में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के बनायें जाने हेतु हटा पुलिस थाना में एसडीएम राकेश मरकाम की अध्यक्षता में एसडीओपी प्रशान्त सिंह सुमन, तहसीलदार उमेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, नगर पालिका सीएमओ की उपस्थिति में नगर के गणमान्य लोगों व दुर्गा समीति के सदस्यों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम ने दुर्गा उत्सव समितियों से व्यवस्थाएं बनाने का आग्रह किया इस दौरान किसी भी प्रकार के आयोजन हेतु परमिशन लेने की बात कही। सभी समितियां विद्युत कनेक्शन का आवेदन देकर कनेक्शन कराये। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों से आयोजन,चल समारोह,मार्ग आदि पर चर्चा की और नगर के घाटों पर साफ सफाई,प्रकाश व्यवस्था, देवी मंदिर मार्गो की व्यवस्था ,पुलिस ड्यूटी आदि विषयो पर चर्चा की गई,अधिकारियों ने सदस्यो और उपस्थित लोगों से सुझाव भी लिए जिन सभी पर पूर्ण रूप से व्यवस्थाएं बनाने की बात अधिकारियों द्वारा कही गई। बैठक में दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य नगर के गणमान्य लोगों के अलावा विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दी जा रही स्वास्थ सेवाएँ

**दमोह।** जिले में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चलाये जा रहे स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर थीम आधारित क्षय रोग की स्क्रीनिंग विशेष आकर्षण रही। साथ ही, महिलाओं व किशोरियों में संवेदनशील रोगों की जाँच और स्वास्थ्य परामर्श देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। यह अभियान जिले के सभी विकासखंडों में लगातार आयोजित किया जा रहा है, ताकि महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस दौरान किशोरियों में एनीमिया की जाँच, महिलाओं में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, बच्चों एवं माताओं के लिए पोषण परामर्श तथा आयरन टेबलेट वितरण किया गया। हटा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मगरोन में 42 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, क्षय रोग स्क्रीनिंग, कुष्ठ स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। विकासखंड जबेरा के चंडी चोपरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शाहबाज कुरेशी ने 45 लोगों में डायबिटीज, सर्वाइकल व ओरल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान की गई। पटेरा के इटवा हीरालाल में 55 मरीजों की गर्भवती महिलाओं को मातृ-स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की गई।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**दमोह।** अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर महिला मिलन के द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित प्रतियोगिता में कागज के फूल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 10 से 15 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया अर्थव अर्थव, समृद्धि, पूर्णिमा, अदिति, अदिति, आदित्य, विराज, ओम , राम जी, नमन , देवास , पूर्वी, शुभ, प्रिया, वैशाली, शानवी, मनीष बच्चों ने भाग लिया सुंदर रंग बिरंगी फूलों के वंच बनाए सभी बच्चों को बहुत शुभकामनाएं महिला मिलन के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम कई वर्षों से होता हुआ चला आ रहा जिसमें महिलाएं बालिकाएं और बच्चे सभी बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हैं इस प्रतियोगिता का आयोजन महिला मिलन समिति के द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्ष श्रीमती संगीता उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सचिव श्रीमती वीणा सह सचिव रचना सांस्कृतिक सचिव रश्मि कोषाध्यक्ष सपना एवं मीडिया प्रभारी सपना का सहयोग रहा।

# फर्जी सील लगाकर खाद लेने की कोशिश युवक और महिला पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में इन दिनों किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन व पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही थी। डबल लॉक खाद गोदाम में पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के लिए कई बार जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी स्वयं स्थल पर उपस्थित रह चुके हैं। इसी दौरान, 17 सितंबर 2025 को एक गंभीर मामला सामने आया, जिसमें एक युवक द्वारा फर्जी सील और पर्चियों का उपयोग कर 6 बोरी खाद लेने का प्रयास किया गया। यह प्रयास गोदाम कर्मचारियों की सतर्कता के चलते विफल हो गयातोफान सिंह पटेल, गोदाम प्रभारी, डबल लॉक गोदाम तेंदूखेडा द्वारा थाना तेंदूखेडा में दर्ज कराई गई। शिकायत के अनुसार दिनांक 17.09.2025, दोपहर लगभग 2:00 बजे, सजल साहू पिता शैलेन्द्र साहू, निवासी वार्ड नं. 12 तेंदूखेडा, दो पर्चियों के साथ गोदाम पहुंचा।एक पर्ची पर 4 बोरी खाद और दूसरी पर 2 बोरी खाद अंकित थी।जब पर्चियां पल्लेदार दुर्गा अहिरवार द्वारा देखी गईं, तो उनमें लगी सील एवं हस्ताक्षर संदिग्ध लगी जांच करने पर दोनों पर्चियां फर्जी पाई गईं, जिसके बाद सजल साहू को रोका गया, लेकिन वह अपनी गलती मानने को तैयार नहीं था। पूछताछ में सजल ने कबूला कि उसने यह फर्जी सील पूनम लोधी पति कौशल सिंह लोधी, निवासी ग्राम बम्हौरी, से बन वाई है पूर्व संदिग्ध गतिविधियों का संदर्भः राज्य विपणन के जिला प्रभारी इंद्रपाल सिंह राजपूत ने बताया किः 16 सितंबर 2025 को खाद वितरण के लिए कुल 83 पर्चियां जारी की गईं थीं, लेकिन शाम को गोदाम में 85 पर्चियां जमा हुईं।यह विसंगति सामने आने के बाद स्टाफ को सतर्क किया गया था। 17 सितंबर को जब सजल साहू 6 बोरी की फर्जी पर्ची लेकर आया, तो कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए जांच की और फर्जीवाड़ा सामने लाया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाईः घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम तेंदूखेडा सौरभ गंधर्व स्वयं गोदाम पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया कि प्रकरण में सजल साहू एवं पूनम लोधी के विरुद्ध धारा 318(4), भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 381/2025 पंजीबद्ध किया गया है। संबंधित पर्चियों की टोकन रजिस्टर में कोई एंट्री नहीं थी, जिससे पुष्टि होती है।

# कर्मचारियों के लिये वरदान बनी मनरेगा योजना

**पथरिया।** केंद्र सरकार की मनरेगा योजना का उद्देश्य भले ग्राम के लोगों को रोजगार देने का है लेकिन हकीकत में मनरेगा योजना का सही मायने में लाभ सिर्फ रोजगार सहायकों, मनरेगा लेखापाल व उपयंत्री को मिलता है कुछ पंचायतों में जहां सरपंच सक्रिय हैं तो वहां सरपंच को लाभ मिल जाता है नही अधिकांश तो रोजगार सहायकों, लेखापाल, उपयंत्री को मिल रहा है यही कारण है कि मजदूरों का काम मशीन करती और मजदूरों के नाम रोजगार सहायकों द्वारा अपने अपने लगाकर मजदूरी निकाल रहें हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को सब जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की जाती है क्योंकि सब अपने अपने हिस्से पर ध्यान देते है उनको इससे कोई मतलब नही कि मौके पर मशीन चल रही या मजदूर काम कर रहे। यही कारण है कि अब पंचायतों में सचिव से ज्यादा रोजगार सहायकों की पूछ परख होती है क्योंकि हर काम में मनरेगा साथ रहती है जिससे बिना रोजगार सहायकों की मदद चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना, खेत तालाब,वृक्षारोपण, नाडेप व अन्य कार्य सभी में इनके बिना संभव नहीं है।

# सोयाबीन रकबे का लगभग 12% पीला मोजेक से प्रभावित

**दमोह।** उपसंचालक कृषि जी.एल अहिरवार ने जिले के किसान भाईयों को सलाह दी है कि वर्तमान में सोयाबीन मूंग एवं उड़द की फसल पकने की अवस्था में है इस अवस्था में सोयाबीन मूंग एवं फसल में पीला मोजेक रोग अधिक प्रभावशाली नहीं रहता है, जिन किसान बंधुओ ने सोयाबीन मूंग एवं उड़द की बोनी देर से की थी उन खेतों में पीला मोजेक रोग की समस्या हो सकती है। उन्होंने किसान भाईयों से कहा पीला मोजेक रोग एक वायरस जनित रोग है जो सफेद मक्खी से फैलता है इसके नियंत्रण के लिए संश्लेषित कीटनाशी

### किसान भाई फसल बीमा के कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447 नंबर पर डायल कर, 72 घंटे के अंदर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं

जैसे थायोमिथाकजाम 25% wg की 100 ग्राम प्रति एकड़ कीटनाशी का छिड़काव या इमीडक्लोरपिड 17.1 प्रतिशत की 100 एम एल मात्रा प्रति एकड़ का छिड़काव कर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। कृषि विभाग के मैदानी अमले की नेत्रांकन से प्राप्त जानकारी अनुसार दमोह जिले में सोयाबीन का कुल रकवा लगभग 90 हजार हेक्टेयर है, जिसमें से लगभग 10766 हेक्टेयर रकवा जो कुल रकबे का लगभग 12% पीला मोजेक रोग से प्रभावित हुआ है।

दमोह जिले में अभी इस रोग के सीवियर अटैक की कोई शिकायत नहीं है कृषि विभाग के मैदानी अमला द्वारा कृषकों के खेतों पर निरंतर भ्रमण किया जा रहा है एवं पीला मोजेक रोग के नियंत्रण हेतु सलाह दी जा रही है, दमोह जिले में पीला मोजेक रोग नियंत्रण की स्थिति में है तथा प्रभावित रकवा का सर्वे के निर्देश दिए गए । प्राप्त आंकड़े के आधार पर एवं फसल कटाई प्रयोग तथा सैटेलाइट सर्वे के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। जिन किसान बंधुओं द्वारा फसल बीमा कराया गया है वे किसान पीला मोजेक रोग से प्रभावित फसल एवं अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान की जानकारी की शिकायत फसल बीमा के कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447 नंबर पर डायल कर 72 घंटे के अंदर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोविन्द सोनी पिता कामता सोनी वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 172/1 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 172/1 वार्ड क्रमांक 01 श्री बलराम पटेल पिता श्री गोरेलाल पटेल का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपतियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी। दिनाक 17/09/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**